पुत्रकाम शुभ जग्य करावा ।। भगति सहित मुनि आहुति दीन्हे प्रगटे अगिनी चरू कर लीन्हे ।।
जो बसिष्ठ कछु हृदय बिचारा। सकल काजु भा सिद्ध तुम्हारा ।।
|| Ram Katha 970 - ※मानस श्रृंगी ऋषि || Lakhisarai,Bihar || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 176 | इंदौर, शुक्रवार 09 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

इंदौर के रालामंडल में भीषण हादसा

## ट्रक से टकराई कार, पूर्व मंत्री बाला बच्चन की बेटी सहित तीन की मौत



इंदौर। रालामंडल क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ट्रक में जा घुसी, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा बच्चन की मौत हो गई। साथ ही कार सवार दो अन्य युवाओं ने भी मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक युवती गंभीर रूप से घायल है।

### जन्मदिन की खुशी मातम में बदली

जानकारी के अनुसार कार में सवार चारों दोस्त प्रखर कासलीवाल का जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। प्रखर ही कार चला रहा था। मृतकों की पहचान पूर्व मंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा, प्रखर कासलीवाल और मनसिन्धु के रूप में हुई है। प्रेरणा की कुछ समय बाद शादी होने वाली थी। अनुष्का नामक युवती इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई है, उसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।

### तड़के 5:15 बजे हुआ हादसा

पुलिस के मुताबिक यह घटना सुबह करीब 5:15 बजे रालामंडल इलाके में हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता और परिजन मौके पर पहुंचने लगे हैं। बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री बाला बच्चन भी इंदौर के लिए रवाना हो गए हैं।

### ट्रक चालक की तलाश जारी

रालामंडल थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद ट्रक चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने शहर के बाहरी रास्तों पर नाकेबंदी कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## लैंड फॉर जॉब में लालू-राबड़ी पर आरोप तय, तेजस्वी, मीसा, तेज, हेमा पर भी चार्ज, 52 बरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** रेलवे में कथित जमीन के बदले नौकरी देने के घोटाले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की चार्जशीट पर लालू, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, तेज प्रताप, मीसा भारती, हेमा यादव समेत अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। सीबीआई स्पेशल जज विशाल गोगने की अदालत ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने लैंड फॉर जॉब केस के 52 आरोपियों को बरी भी कर दिया है। रेलवे में नौकरी देने के बदले जमीन लेने के आरोप में लालू परिवार समेत अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत आरोप तय किए गए हैं। अब लालू परिवार के खिलाफ मुकदमा चलेगा। शुक्रवार को दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान लालू एवं राबड़ी को छोड़ अन्य सभी आरोपी सशरीर पेश हुए।

सीएम डॉ.यादव बोले-

# एमपी में वस्त्र उद्योग को रोजगार आधारित विकास में दी सर्वोच्च प्राथमिकता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** गुवाहाटी में आयोजित वस्त्र मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार वस्त्र उद्योग को रोजगारपरक औद्योगिक विकास का मजबूत आधार मानते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वस्त्र उद्योग अपनी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए आधुनिक विकास और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिवस पर मध्यप्रदेश के धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन कर प्रदेश को बड़ी सौगात दी है। इस पार्क में टेक्सटाइल उद्योगों का एकीकृत विकास होगा, जिससे बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से भारत को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संकल्प को मजबूती मिलेगी। सम्मेलन में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मध्यप्रदेश में वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। धार में बन रहे पीएम मित्र पार्क का जिक्र किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि के बाद टेक्सटाइल सेक्टर देश में सबसे अधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है।

### संस्कृति, संसाधन में एमपी अग्रणी राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश संस्कृति, संसाधन और विरासत के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में है। महेश्वरी और चंदेरी साड़ी जैसी पारंपरिक हस्तकला को राज्य सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। नर्मदापुरम क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले मलबरी रेशम और ऑर्गेनिक कॉटन के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। टेक्सटाइल मिल, हैंडलूम



और स्पिंडल्स से बड़ी संख्या में महिलाओं को जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

### टेक्सटाइल सेक्टर में 15 वर्ष में 25 हजार करोड़ का निवेश

उन्होंने बताया कि प्रदेश में टेक्सटाइल सेक्टर की वैल्यू चेन में बीते 15 वर्षों में 25 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। आने वाले समय में इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। मध्यप्रदेश ऑर्गेनिक कॉटन, मैनमेड फाइबर और टेक्निकल टेक्सटाइल के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, खासकर जनजातीय बहुल क्षेत्रों में इस सेक्टर को विस्तार दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जुलाई 2026 में होने वाले राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन में मध्यप्रदेश को पार्टनर राज्य बनाने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने केंद्रीय वस्त्र मंत्री से आग्रह किया कि अगला राष्ट्रीय वस्त्र सम्मेलन बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित किया जाए।

### वस्त्र उद्योग से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन किया

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के चलते देश के टेक्सटाइल निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पीएम मित्र पार्कों के माध्यम से देश में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के मंत्रियों और अधिकारियों ने भाग लिया तथा वस्त्र उद्योग से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यह सम्मेलन देश के वस्त्र उद्योग के समग्र विकास, निवेश, रोजगार, नवाचार और निर्यात को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# भागीरथपुरा से दूरी... रिश्तेदार घर नहीं आते, मिलने से भी कतराने लगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भागीरथपुरा में बीते दिनों हुई 20 मौतों और डेढ़ हजार से ज्यादा लोगों के बीमार होने का खौफ अब इलाके की सीमाओं को लांघकर रिश्तों और कारोबार तक पहुंच गया है। कल तक जो रिश्तेदार और दोस्त भागीरथपुरा की तंग गलियों में आत्मीयता के साथ आते थे, अब उन्होंने बस्ती के लोगों से दूरी बना ली है। बस्तीवालों का कहना है कि महामारी के बाद बस्ती को लेकर बने माहौल ने दूरी पैदा कर दी है।**



क्षेत्र के रहवासी नीलेश पाल बताते हैं कि रिश्तेदारों ने आना-जाना लगभग बंद कर दिया है। अगर कोई जरूरी काम से आता भी है, तो घर के बाहर से ही बात करके निकल जाता है। बस्ती में रहने वाले शिवांग स्टूडेंट है। वे बताते है कि दूसरे इलाकों में रहने वाले दोस्त अब सिर्फ फोन पर ही हालचाल पूछ लेते हैं। हमें ऐसा महसूस कराया जा रहा है जैसे पूरा भागीरथपुरा ही संक्रमित हो गया हो। जो यहां सर्वे के लिए आ रहे है, लाइनों को ठीक कर रहे है। वे भी पानी की बोतल लेकर आते हैं और चाय-नाश्ते के लिए भी बस्ती से दूर जाते है। कुछ लोग अफवाह भी फैलाते है। इस पर रोक लगना चाहिए। उधर बस्ती में सब्जी, फल बेचने वालों पर भी बस्ती में फैली बीमारी का असर पड़ा है। बस्ती में सब्जी बेचने वाले और चाय-नाश्ते की होटल चलाने वाले दुकानदार अब ग्राहकों की राह ताक रहे हैं। पहले जो लोग मुख्य सड़क से गुजरते समय रुककर सब्जियां खरीद लिया करते थे या होटलों पर नाश्ता करते थे, वे अब संक्रमित होने के डर से सीधे निकल जाते हैं। दूसरी बस्तियों से आने वाले ग्राहकों की संख्या में भारी कमी आई है।

जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# सौ करोड़ रुपए की शासकीय भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए इंदौर जिले में अभियान चलाकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आज जिला प्रशासन के अमले ने दो स्थानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सौ करोड़ रुपये से अधिक कीमत की बेशकीमती शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त करायी।**



ग्राम खजराना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 296 रकबा 0.769 हेक्टेयर भूमि जो की शासकीय भूमि है, के पैकी भाग क्षेत्रफल लगभग 35 हजार वर्गफीट के पैकी भाग पर इमरान पटेल द्वारा रूम निर्मित कर भैंस का तबेला बनाया गया था एवं शाकीर शाह द्वारा गैरेज का निर्माण किया गया था, को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उक्त भूमि का बाजार मूल्य लगभग 52 करोड़ 50 लाख रुपये है।

इसी तरह शासकीय शहरी सीलिंग भूमि सर्वे नम्बर 325/1/6/2 से भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस भूमि का कुल रकबा 45 हजार वर्गफीट है। इस भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गए फेंसिंग एवं निर्माण को हटाया गया। उक्त दोनों भूमि का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 100 करोड़ रुपये है।

# भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग ने 1750 घरों में वितरित किए किट

● प्रभावित क्षेत्र में उल्टी-दस्त से बचाव के बारे में लगातार किया जा रहा है जागरूक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किए जा रहे कार्यों से स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में सघन दौरा किया। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्रों में उल्टी दस्त के जो मरीज स्वस्थ होकर लोटे थे, उनका फालोअप किया गया है।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गुरूवार को भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में 1750 घरों में किट प्रदान की गई, जिसमें लगभग 6245 सदस्य लाभांवित हुए। प्रत्येक किट में 10 पैकेट ओ.आर.एस. तथा 30 गोलियां जिंक की हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 02 एम्बुलेंस लगाई गई हैं। 24x7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। मरीजों को एमवाय चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी निःशुल्क उपचार, जॉच एवं औषधि की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा करायी गई है। गुरूवार को प्रभावित क्षेत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री का वितरण किया गया, जिसमें उल्टी-दस्त से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। गुरूवार की शाम तक डायरिया के 23 मरीज ओ.पी.डी. में आए, जिसमें से 06 रेफरल किए गए है। ओ.पी.डी. में आए मरीजों में यह भी पाया गया है कि मरीज दवाईयों का डोज पूरा नहीं कर रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने प्रभावित क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे चिकित्सकों द्वारा निर्धारित दवाईयों का डोज आवश्यक रूप से पूर्ण करें। वर्तमान में अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या 50 है। जिसमें से आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 10 है।

## रॉबर्ट नर्सिंग होम में 17 जनवरी से तीन दिवसीय नि:शुल्क सुपर स्पेशलिटी मेडिकल कैंप आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। रोटरी क्लब ऑफ इंदौर द्वारा रॉबर्ट नर्सिंग होम में 17 जनवरी से 19 जनवरी तक निःशुल्क सुपर स्पेशलिटी मेडिकल कैंप का आयोजन किया जायेगा। इस कैंप में ह्दय रोग, डायबिटीज, छाती और फेफड़े, स्त्री रोग, हड्डी रोग, शिशु रोग, शल्य चिकित्सा, गर्भाशय कैंसर, स्तन कैंसर, सामान्य रोग परीक्षण आदि बीमारियों की जांच की जायेगी। उक्त कैंप में परीक्षण और उपचार के लिये अमेरिका स्थित ओहायों क्षेत्र के विशेषज्ञ डाक्टर्स आयेंगे। तीन दिवसीय कैंप का समय रोजाना प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। उक्त आयोजन रोटरी मेडिकल यात्रा 2026 के तहत किया जा रहा है। कैंप में शामिल होने के लिए पंजीयन कराना होगा। अधिक जानकारी के लिये रॉबर्ट नर्सिंग होम में जाकर संपर्क किया जा सकता है।

## शहर में बिछी 3000 किमी नर्मदा लाइन का सर्वे होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर नगर निगम ने पूरे शहर में जलप्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। इसके तहत शहर की 3 हजार किलोमीटर लंबी पाइप लाइन का सर्वे और 6 हजार से अधिक सरकारी बोरिंग की जियो टैगिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि पूरे इंदौर में 3 हजार किलोमीटर लंबी पानी की पाइपलाइन है। इस पूरी पाइपलाइन का सर्वे किया जा रहा है। इसके साथ ही इंदौर में 6 हजार बोरिंग है। इन बोरिंग के पानी का उपयोग भी पेयजल के रूप में किया जाता है। हर बोरिंग पर इस समय दो काम एक साथ शुरू किए गए हैं। इसमें एक तरफ जहां बोरिंग की जिओ टैगिंग की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ हर बोरिंग में क्लोरीन डालने का काम भी किया जा रहा है। भागीरथपुरा में हुई हालिया दुखद घटना के बाद राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश के नगरीय निकायों के लिए नई गाइडलाइन जारी की थी। इस निर्देश के पालन में इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि शहर की पूरी पाइपलाइन का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कहीं भी लीकेज होने पर उसे तुरंत ठीक किया जा सके।

## पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए स्कूल और कॉलेजों में विशेष शिविर लगेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के अन्तर्गत एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिये विशेष शिविर आयोजित होंगे। यह विशेष शिविर जिला स्तर पर 09 एवं 10 जनवरी को हायर सेकेण्डरी स्कूलों, महाविद्यालयों एवं उच्च शिक्षा के शैक्षणिक संस्थाओं आदि में आयोजित किये जाएंगे।**

इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हें निर्देशित किए गए है कि उन्हें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविर आयोजित कर सभी पात्र विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाये। इस संबंध में सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल, महाविद्यालय एवं उच्च शिक्षा के अन्य शैक्षणिक संस्थानों में मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए विशेष शिविर आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विशेष शिविर आयोजित किये जाने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी, महाविद्यालय स्तर पर अपर संचालक उच्च शिक्षा एवं विश्वविद्यालय/प्रशिक्षण केन्द्र आदि हेतु कुल सचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नियुक्त नोडल अधिकारी संबंधित विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क स्थापित कर निर्धारित तिथि पर कैम्प का आयोजन सुनिश्चित करेंगे। अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर पात्र नये युवाओं जिनके नाम 23 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक नामावली में नहीं है, उनके नाम जोड़ने की प्रक्रिया करेंगे।

## उपभोक्ता सेवा सुविधा अभियान प्रारंभ

**चैतन्य लोक, इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार इंदौर जिले में उपभोक्ता सेवा सुविधा अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के माध्यम से व्यावसायिक उपयोग में आने वाले ऐसे सभी प्रकार के नापतौल उपकरण जैसे- बाट, माप, इलेक्ट्रॉनिक मशीन, पेट्रोल-डीजल पंप आदि का निरीक्षण किया जायेगा। इस अभियान के दौरान त्रुटिकर्ता के विरुद्ध विधिक मापविज्ञान अधिनियम 2009 एवं अन्य प्रभावी नियमों के अतंर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किये जायेंगे। अभियान में उपभोक्ता सेवा सुविधा के अंतर्गत पेट्रोल-डीजल पंप पर मात्रा की जांच हेतु आवश्यक 5 लीटर का सत्यापित/मुद्रांकित माप एवं एल.पी.जी. हॉकर के पास उपभोक्ता को सिलेण्डर तौल कर देने/दिखाने हेतु नियमानुसार आवश्यक तौल उपकरण है या नहीं। साथ ही विभिन्न किराना/ हाट बाजार आदि व्यापारियों की विशेष जांच भी की जायेगी।

## नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाएं सुबह 9.30 बजे से पहले नहीं लगेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा शीत लहर एवं तापमान में आई गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए इन्दौर जिले में शासकीय/अशासकीय /सी.बी.एस.ई. /आई.सी.एस.ई/ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं समस्त बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों की कक्षा नर्सरी से कक्षा 8वीं तक एवं आंगनवाडी के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा संचालन के समय का निर्धारण किया गया है। इसके अनुसार इन कक्षाओं का संचालन आगामी आदेश तक प्रातः 9.30 बजे से पूर्व नहीं किया जायेगा। अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों यथा परीक्षा इत्यादि पूर्ववत संचालित रहेगी।

# बीजेपी नेत्री के बेटे के खिलाफ एक बार फिर एफआईआर दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खजराना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने बीजेपी नेत्री के बेटे के खिलाफ एक बार फिर एफआईआर दर्ज कराई है। युवती का आरोप है कि आरोपी युवक उस पर पहले दर्ज रेप केस को वापस लेने का दबाव बना रहा है और धमका रहा है, जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान है और घर से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रही है।**

बुधवार रात 28 वर्षीय युवती खजराना थाने पहुंची और अर्जुन पुत्र नारायण जोशी निवासी बंगाली कॉलोनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सितंबर 2025 में उसने अर्जुन के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। तभी से आरोपी उसे केस वापस लेने के लिए प्रताड़ित कर रहा है और तरह-तरह से दबाव बना रहा है।



पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी की हरकतों के कारण उसका सामान्य जीवन प्रभावित हो गया है और वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पहले ही उसने अर्जुन के खिलाफ एमजी रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि आरोपी कोर्ट परिसर तक उसका पीछा करते हुए पहुंचा था, जहां उसकी मर्जी के बिना मोबाइल से फोटो खींचे और उन्हें वॉट्सऐप पर वायरल कर दिया। ये फोटो युवती के चचेरे भाई को भी भेजे गए थे। हालांकि, इस मामले में एमजी रोड पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज की, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई। युवती का आरोप है कि इसके बाद अर्जुन ने फिर से उस पर समझौते के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया और धमकियां देने लगा। फिलहाल खजराना पुलिस ने ताजा शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस बड़ा गणपति से राजबाड़ा तक निकालेगी न्याय यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में 11 जनवरी को कांग्रेस न्याय यात्रा निकालेगी। जिसकी तैयारी तेजी से शुरू कर दी है। कांग्रेस की न्याय यात्रा को लेकर बुधवार से ही बैठकों का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस कार्यालय में बैठकों का सिलसिला लगातार चल रहा है। न्याय यात्रा की तैयारियों के तहत मोर्चा संगठनों में एससी/एसटी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग की बैठकें अलग-अलग आयोजित की गईं, जिनकी अध्यक्षता प्रभारी उषा नायडू ने की। बैठकों में यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।**

भागीरथपुरा मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा 11 जनवरी को इंदौर में न्याय यात्रा निकालने की घोषणा की गई है। कांग्रेस की घोषणा के अनुसार इस दिन सुबह 10 बजे बड़ा गणपति चौराहा से राजबाड़ा तक पैदल न्याय यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के लिए कांग्रेस द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र में बैठक का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा सांवेर और देपालपुर विधानसभा क्षेत्र में बैठक ली जाएगी। इसके साथ ही इस न्याय यात्रा में ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को जमा करने के लिए कांग्रेस द्वारा कोशिश भी शुरू कर दी गई है। इस यात्रा की अनुमति प्राप्त करने के लिए कांग्रेस ने जिला प्रशासन और पुलिस के समक्ष आवेदन दे दिया है। अभी इस आवेदन के आधार पर कांग्रेस को न्याय यात्रा की अनुमति नहीं मिली है। बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में बैठक के दौरान न्याय यात्रा के मार्ग, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, पोस्टर-बैनर लगाए जाने या नहीं लगाए जाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि न्याय यात्रा बड़ा गणपति से राजबाड़ा तक निकाली जाएगी। इसके लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता घर-घर पम्पलेट वितरित करेंगे। पम्पलेट में दूषित और जहरीले पानी के मुद्दे को लेकर सवाल उठाए गए हैं, जिनमें लिखा होगा-जहरीले पानी का जिम्मेदार कौन, जहरीले पानी का टैक्स क्यों दें, जहरीले पानी का बिल क्यों भरें, जल के लिए आए 585 करोड़ रुपए कहां गए, महापौर और मंत्री इस कांड की जिम्मेदारी लें और इस्तीफा दें। बैठक में विधानसभावार प्रभारियों की भी घोषणा की गई। विधानसभा क्रमांक 1 की जिम्मेदारी दीपू यादव, 2 की राजू भदौरिया, 3 की पिंटू जोशी, 4 की शैलेष गर्ग एवं 5 की जिम्मेदारी अमन बजाज को सौंपी गई है। प्रभारी यात्रा में शामिल लोगों के लिए पीने के पानी, भोजन, पार्किंग और यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी अपने-अपने कार्यकर्ताओं को सौंपेंगे।

# पिछले साल बाणगंगा में 1749 केस दर्ज हुए

## चंदननगर थाना दूसरे स्थान पर, लसूड़िया तीसरे स्थान पर खिसका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में साल 2025 अपराध के आंकड़ों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पहले जहां लसूड़िया थाना अपराध के मामलों में दूसरे नंबर पर रहता था, वहीं अब उसे पीछे छोड़ते हुए चंदननगर थाना दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। शहर में सबसे अधिक अपराध दर्ज करने वाला थाना बाणगंगा पहले की तरह नंबर वन बना हुआ है, जबकि लसूड़िया तीसरे स्थान पर खिसक गया है।**

बीते एक साल में शहरभर में 33 हजार से अधिक आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। यह संख्या पिछले वर्षों की तुलना में करीब पांच हजार अधिक है, जो शहर में बढ़ते अपराध की ओर इशारा करती है। हत्या, हत्या के प्रयास और बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों में भी वृद्धि दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार बाणगंगा थाना में सबसे अधिक 1749 केस दर्ज हुए हैं। इसके बाद चंदननगर थाना में 1663 मामले सामने आए। तीसरे स्थान पर लसूड़िया थाना रहा, जहां 1640 केस दर्ज किए गए। चौथे नंबर पर भंवरकुआं थाना रहा, जहां 1370 अपराध दर्ज हुए। इसके अलावा विजयनगर थाना में 1020 और खजराना थाना में 1041 केस दर्ज हुए। शहर के कुल अपराधों में से करीब 30 प्रतिशत मामले इन पांच से छह थानों में ही दर्ज हुए हैं। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने कुछ साल पहले तीन नए थानों के गठन का प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत बाणगंगा थाना क्षेत्र से सुपर कॉरिडोर थाना, लसूड़िया से महालक्ष्मीनगर थाना और भंवरकुआं से पालदा थाना बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया था, लेकिन यह योजना अब तक कागजों में ही सीमित है। हाल ही में चंदननगर थाना अपराध में दूसरे स्थान पर आने के बाद पुलिस कमिश्नर ने यहां भी नया थाना बनाने का प्रस्ताव तैयार करने की बात कही है।



### ● दो टीआई का प्रयोग भी बेअसर

अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने हाल ही में लसूड़िया और विजयनगर थानों में दो टीआई का प्रयोग शुरू किया है। यहां दो महिला टीआई को टू आईसी के रूप में पदस्थ किया गया है, लेकिन इसके बावजूद अपराधों में कोई खास कमी नहीं आई है। अन्य थानों में भी यह प्रयोग लागू करने की तैयारी है।

### ● सराफा थाना सबसे सुरक्षित

शहर में सबसे कम अपराध वाले थानों में सराफा थाना शामिल है। यहां इस साल केवल 155 केस दर्ज हुए हैं। इसके अलावा छत्रीपुरा, सदर बाजार और पंढरीनाथ जैसे संवेदनशील थानों में भी अपराध की सख्या कम रही है। वहीं एमजी रोड, कोतवाली और छोटी ग्वालटोली जैसे व्यापारिक क्षेत्रों वाले थानों में भी अपेक्षाकृत कम अपराध दर्ज हुए हैं।

# दो कारों की टक्कर, 3 युवक घायल... नशे में था ड्राइवर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाडिया थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। पहले हादसे में एक कार कंट्रोल होकर बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे के समय ड्राइवर नशे की हालत में था, जिसे पुलिस ने कार की डिक्की से बाहर निकाला। वहीं, दूसरे हादसे में दो कारों की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए।**


पुलिस के अनुसार पहला हादसा बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात करीब 3 बजे संचार नगर के पास हुआ। यहां ढाबे पर शराब पार्टी करने के बाद घर लौट रहे अमन रघुवंशी की कार (क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूई 5633) संतुलन बिगड़ने से सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर के बाद अमन कार के अंदर फंस गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डिक्की के रास्ते अमन को बाहर निकाला। वह काफी नशे में था। हालांकि उसे गंभीर चोट नहीं आई। प्राथमिक उपचार के लिए उसे निजी अस्पताल भेजा गया। बाद में पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को मौके से हटवाया। दूसरा हादसा कनाडिया से बंगाली चौराहे के बीच हुआ, जहां कार क्रमांक एमपी 04 सीपी 2657 और कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यूडी 5219 की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में पल्केश (18) पुत्र मनीष निवासी कनाडिया, राज (22) पुत्र बंटी निवासी देवास और मेहुल (38) पुत्र राजकुमार निवासी खंडवा रोड घायल हो गए। घायलों को एमवाय अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। दूसरी कार में सवार युवकों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वे निजी अस्पताल चले गए थे।

# मेयर, कलेक्टर को संघ कार्यालय बुलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में हुई 20 मौतों के बाद इंदौर की चर्चा देशभर में है। आरएसएस के वरिष्ठ नेताओं ने भी इस पर संज्ञान लिया है। बताते है कि इसे लेकर मेयर पुष्यमित्र भार्गवसंघ कार्यालय तलब किए गए। इसके अलावा कलेक्टर शिवम वर्मा भी वहां गए। संघ पदाधिकारियों ने दोनों को भागीरथपुरा के हालात तत्काल सुधारने के लिए कहा है।**

दोनों शाम छह बजे पहुंचे थे।आरएसएस के प्रांत कार्यालय सुदर्शन भवन में प्रांत प्रचारक राजमोहन की उपस्थिति में लगभग डेढ़ घंटे बैठक चली। मेयर व कलेक्टर ने पदाधिकारियों को भागीरथपुरा की स्थिति से अवगत कराया और कहा कि अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो गई है। पदाधिकारियों ने दोनों से कहा कि बस्ती के लोग अभी भी डरे हुए। उनका विश्वास फिर लौटे। सप्लाई सामान्य जल्दी कराए। इसके अलावा अफसरों व जनप्रतिनिधियों के बीच तालमेल की कमी भी बात भी बैठक में उठी। इसके बाद मेयर बाहर निकले। बैठक में किस विषय पर चर्चा हुई,इसका खुलासा नहीं हुआ। अफसर और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय की कमी की बात अक्सर उठती है। मेयर ने भी एक बैठक में यह बात उठाई थी। इसके अलावा इंदौर में हिंदू सम्मेलन भी होने वाले है। उसे लेकर भी चर्चा हो सकती है। संघ ने भागीरथपुरा क्षेत्र के तीन सम्मेलन निरस्त किए है। इस बैठक से साफ संकेत है कि भागीरथपुरा मामले में संघ भी नजर रख रहा है। संघ का शहर की बस्तियों में तगड़ा नेटवर्क है। वहां से भी उन्हें पेयजल सहित अन्य समस्या का फीडबैक मिलता है।



# टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर से जुड़ेंगे मध्यप्रदेश के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थल : सीएम डॉ. यादव

## मध्यप्रदेश और दिल्ली-एनसीआर होंगे नजदीक, दिसंबर-2027 तक पूर्ण होंगी अनेक सड़क परियोजनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत में मध्यप्रदेश सबसे अधिक टाइगर वाला राज्य है। मध्यप्रदेश में सर्वाधिक टाइगर रिजर्व भी हैं। मध्यप्रदेश में सभी प्रकार के वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वन्यजीव पर्यटन स्थलों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है। इसे टाइगर टूरिज्म कॉरिडोर नाम दिया गया है। राज्य सरकार वन्यजीवों और पर्यटन को प्रोत्साहन दे रही है। मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण टाइगर कॉरिडोर एक प्रकार से पड़ोसी राज्यों के लिए भी बड़ी सौगात होगी। व्यावसायिक एवं अन्य सभी जरूरी गतिविधियों के लिए यह मार्ग सुगमता पूर्वक उपलब्ध रहेगा। प्रदेश में प्रमुख टाइगर रिजर्व को आपस में जोड़ने वाली सड़कों का उन्नयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि टाइगर रिजर्व पेंच से कान्हा, कान्हा से बांधवगढ़ और बांधवगढ़ से पन्ना को परस्पर जोड़ने वाली सड़कों की लम्बाई 625 किलोमीटर होगी। मार्गों के उन्नयन और विकास पर 5 हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को कई सौगातें मिल रही हैं। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद यह क्षेत्र वन्यप्राणी प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण



का केंद्र बना हुआ है। मध्यप्रदेश सहित पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तरप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के पर्यटक भी भ्रमण के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे मध्यप्रदेश को निरंतर महत्वपूर्ण सौगातें मिल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के माध्यम से मध्यप्रदेश को राजमार्गों की सौगात मिली है। मध्यप्रदेश में ग्वालियर, भिंड, श्योपुर सहित चंबल पूरे बेल्ट को अटल प्रगति पथ का लाभ मिलेगा। यह चंबल क्षेत्र को उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर को जोड़ने के लिए अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। अटल प्रगति पथ के निर्माण से क्षेत्र में सभी प्रकार के उद्योगों और पर्यटन की गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल प्रगति पथ की लागत लगभग 12 हजार करोड़ है। इसके प्रारंभ होने से मध्यप्रदेश से दिल्ली-एनसीआर की दूरी घटकर लगभग 3 से 4 घंटे रह जाएगी। साथ ही इससे दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर और पोर्ट्स के लिए मध्यप्रदेश की पहुंच आसान होगी, जिससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश को भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रूप में बड़ी सौगात मिली है, जिसकी लागत 9716 करोड़ है। इसके अलावा भोपाल-इंदौर-प्रयागराज, जबलपुर-नागपुर और इंदौर-धुले-पुणे परियोजनाएं विकसित भारत@2047 के लक्ष्य हासिल करने में सहायक सिद्ध होंगी। हाल ही में केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से भविष्य में चारों दिशाओं में कई प्रकार के मार्गों को सुदृढ़ करते हुए निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ है। परियोजनाओं के लिए समयबद्ध रोडमैप तय किया गया है। सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए सड़क परियोजनाओं को दिसंबर 2027 तक पूर्ण करने के लिए समय-सीमा भी निश्चित की गई। खंडवा बायपास, जबलपुर रिंग रोड, इंदौर-हरदा, रीवा बायपास के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण की जाएं। परियोजनाओं में गति और गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से निरंतर समीक्षा बैठक भी की जाएंगी।

● दिग्विजय ने सोशल मीडिया पर लिखा-

## इंदौर में हुई मौतों की जांच हाईकोर्ट जज से कराएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में गंदा पानी पीने से 20 लोगों की मौत के मामले ने अब सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के फेसबुक पोस्ट और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के पत्र ने सरकार और प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है। कांग्रेस ने इसे सिर्फ प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि संस्थागत अपराध करार दिया है। दिग्विजय सिंह ने सीधा सवाल किया कि मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश (प्रभारी मुख्यमंत्री) हर दूसरे दिन इंदौर आते हैं, लेकिन सिर्फ मुआवजा देकर चुप क्यों हो गए? उन्होंने कहा "कुछ ट्रांसफर और मुआवजे से न तो जान लौटती है और न ही शहर का कलंक धुलता है।" पूर्व मुख्यमंत्री ने मांग की है कि पूरे मामले की न्यायिक जांच हो। हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराई जाए। पब्लिक हियरिंग हो। दोषियों की पहचान कर उन्हें सजा दी जाए। दिग्विजय का कहना है कि "गलतियों पर पर्दा डालना नहीं, जिम्मेदारी तय करना ही इंसाफ है।

## पति-पत्नी और डेढ़ साल की बेटी के शव घर में फंदे पर लटके मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह, एजेंसी।** दमोह के तेंदूखेड़ा में गुरुवार सुबह पति-पत्नी और उनकी डेढ़ साल की बेटी के शव घर में ही फंदे पर लटके मिले। पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के मुताबिक मनीष केवट (30), पत्नी दसौदा केवट और डेढ़ साल की की बेटी आरोही के साथ तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक एक में रहता था। मनीष मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मनीष केवट की साली और दसौदा की बहन भी घटनास्थल पर पहुंची। उसने बताया कि उसे घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जब वह घर पहुंची और दरवाजा खुलवाया, तो अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। दरवाजा तोड़ने पर अंदर तीनों के शव फंदे से लटके मिले। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। दमोह एसपी श्रुतिकीर्ति सोमवंशी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने कहा- फिलहाल कोई स्पष्ट कारण समझ नहीं आ रहा है। पड़ोसियों और परिजन के बयान लिए जा रहे हैं। दीवार पर कुछ लिखा है, उसे भी जांच में लिया है।

## तहसीलदार को कुचलने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** शहर में अवैध रेत खनन रोकने गए तहसीलदार पर खनन माफिया ने जानलेवा हमला कर दिया। ब्यौहारी में बुधवार रात माफियाओं ने तहसीलदार शनि द्विवेदी की सरकारी बोलेरो को जानबूझकर टक्कर मारकर कुचलने की कोशिश की। इसके बाद सड़क पर रेत फैलाकर अफसर की जान और खतरे में डाल दी। पूरी घटना का वीडियो सामने आया है। घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खरपा तिराहे के पास हुई। तहसीलदार शनि द्विवेदी अपनी टीम के साथ जंगल से आ रहे रेत से लदे ट्रैक्टर को रोकने पहुंचे थे। कार्रवाई के दौरान माफियाओं ने सरकारी वाहन को टक्कर मारी और मौके से भागने लगे। पीछा करने के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठे व्यक्ति ने फावड़े से ट्रॉली का डाला खोल दिया। इसके बाद चालक ने हाइड्रोलिक से ट्राली ऊंची कर दी। तेज रफ्तार और जिग-जैग ड्राइविंग के बीच सड़क पर रेत फैलती गई, जिससे पीछा कर रहे तहसीलदार की कार कभी भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकती थी।

# विदिशा में स्पीड ब्रेकर चोरी की एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा, एजेंसी।** यहां एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां गुरुवार को नगर पालिक सीएमओ ने सड़कों से स्पीड ब्रेकर चोरी होने की शिकायत थाने में दर्ज करवाई है। पुलिस को की गई शिकायत के अनुसार करीब 6 महीने पहले ओवर स्पीड को रोकने के लिए पीतलमील चौराहा, अहमदपुर चौराहा, दुर्गानगर चौराहा, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट और विवेकानंद चौराहे जैसे व्यस्त और प्रमुख इलाकों में स्पीड ब्रेकर लगाए गए थे। इनकी लागत करीब 9 लाख रुपए आई थी। अब देखने में आया है कि



चारों ने एक-एक कर कई स्थान के स्पीड ब्रेकर उखाड़कर चोरी कर लिए हैं। नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर बताया कि उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रारंभिक आकलन में करीब 8 लाख रुपए के स्पीड ब्रेकर चोरी हुए हैं। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## नाबालिग से दो दिन में दो बार रेप और गैंगरेप

**सिवनी मालवा, एजेंसी।** नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में एक नाबालिग लड़की से रेप और गैंगरेप का मामला सामने आया है। लड़की का आरोप है कि बुधवार को एक सहेली उसे जंगल में लेकर गई थी, जहां तीन लड़के मिले। इनमें से एक सहेली का भाई था। आरोपियों ने पहले उसे दो गोलियां मिलाकर कचौरी खिलाई। इसके बाद तीनों ने रेप किया। नाबालिग का आरोप है कि सहेली उसे दो दिन पहले सोमवार को भी घुमाने ले गई थी, तब उससे रेप किया गया था। मामले का खुलासा तब हुआ, जब बुधवार रात लड़की को प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद लड़की को नर्मदापुरम जिला अस्पताल ले जाया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे एक सहेली उसे घुमाने की बात कहकर महुआ ढाना के पास के जंगल में ले गई। यहां पहले से तीन लड़के और एक लड़की मौजूद थे। पीड़िता के मुताबिक पहले कचौरी में मिलाकर दो गोलियां खिलाईं।

## पंडितों ने हवन और अनुष्ठान बंद किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आगर मालवा, एजेंसी।** जिले के मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा में गुरुवार को तनाव की स्थिति पैदा हो गई। मंदिर के पंडितों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए, सुसनेर एसडीएम सर्वेश यादव पर गंभीर आरोप लगाए। उन्हें तत्काल हटाने की मांग की। पंडितों का आरोप है कि एसडीएम सर्वेश यादव बिना पूर्व सूचना और चर्चा के मनमाने ढंग से नए नियम लागू कर रहे हैं। इससे वर्षों से मंदिर में सेवा दे रहे पंडितों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंडित योगेश शर्मा के अनुसार, मंदिर में लगभग 200 पंडित पिछले 25 सालों से नियमित रूप से हवन-अनुष्ठान कर रहे थे। उन्हें अचानक हटा दिया गया और अस्थायी रसीद व्यवस्था लागू कर दी गई, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है।

## 40 लोगों को काटने के बाद पागल कुत्ते की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** जिले के महिदपुर में बुधवार को एक कुत्ते ने 40 लोगों को काटा। सभी एक-एक कर अस्पताल पहुंचे। जानकारी मिलते ही नगर पालिका की टीम हरकत में आई। कुत्ते को घेराबंदी कर



पकड़ा। इसके कुछ ही देर बाद कुत्ते की मौत हो गई। इसका पता लगते ही इलाके में दहशत फैल गई। जिन लोगों को कुत्ते ने काटा था, वे दोबारा अस्पताल पहुंचने लगे। मामला टेंशन चौराहा और कीर्तनिया बाखल इलाके में बुधवार का है। वहीं, ग्वालियर में बुधवार को ही 12 कुत्तों ने स्कूली छात्र पर हमला कर दिया। बच्चे ने भागकर जान बचाई। महिदपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राजा यादव ने बताया- कुत्ता पागल था। नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक उमेश दावरे के नेतृत्व में टीम ने उसे पकड़ लिया। बाद में उसकी मौत हो गई। हमारी टीम हालात पर नजर रख रही है। दूसरे कुत्तों की निगरानी भी की जा रही है।

## स्वच्छता साथी 'वॉश ऑन व्हील सेवा' पर कार्यशाला का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ़-सफ़ाई हेतु ऑनलाइन माँग एवं सेवा आधारित नवाचार 'स्वच्छता साथी - वाश ऑन व्हील प्रारंभ किया गया है। शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा 1 नवंबर 2025 को किया गया था। वाश ऑन व्हील अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ़-सफ़ाई की सेवा स्वच्छता साथियों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। 'वाश ऑन व्हील' में संलग्न स्वच्छता साथियों की क्षमता वृद्धि के उद्देश्य से क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र ईटीसी, नीलबड़, भोपाल में दो बैचों में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश के




सभी जिलों से आए स्वच्छता साथियों एवं जिले के प्रतिनिधि के रूप में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला - ब्लॉक समन्वयक के रूप में लगभग 160 प्रतिभागी शामिल हुए। मिशन संचालक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) दिनेश जैन द्वारा 'वॉश ऑन व्हील सेवा' की अवधारणा का परिचय दिया गया। श्रीमती शिवानी वर्मा, संयुक्त आयुक्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा वाश ऑन व्हील के संचालन में स्वच्छता साथियों की भूमिका, उनके अनुभव, तथा अब तक की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।

## संपादकीय

# वैश्विक व्यापार युद्ध और भारत का 'स्वदेशी' कवच

अमेरिका के कुछ फैसलों के चलते पूरी दुनिया में हलचल बढ़ी हुई है। खासकर भारी-भरकम टैरिफ की वजह से भारत-चीन और रूस के साथ अमेरिका के रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने ऐसे करीब 10 एरिया की पहचान की है, जिनका स्वदेशीकरण किया जाना बेहद जरूरी हैं। इसके अलावा, उन्होंने 5 मुख्य क्लस्टर भी विकसित किए जाने की भी बात की है। उन्होंने ये बातें तब कही हैं, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ को हथियार बनाकर धमकी देते आ रहे हैं। साथ ही भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता भी किसी अंजाम पर नहीं पहुंच पा रही है। द इकनॉमिक टाइम्स पर छपी एक खबर में मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) वी अनंत नागेश्वरन ने जिन 5 मुख्य क्लस्टर बनाए जाने की बात कही है, उनमें से एक है-सेमीकंडक्टर्स और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, जहां पर वास्तविक रणनीतिक गैप है। इस दिशा में बेहद काम किए जाने की जरूरत है। नागेश्वरन ने 26-28 दिसंबर, 2025 को नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ चीफ सेक्रेटरीज इस बारे में एक प्रजेंटेशन दिया था। खबर के अनुसार, US टैरिफ, भारत के लिए जरूरी कई चीजों पर चीन की एक्सपोर्ट लाइसेंसिंग और यूरोपीय यूनियन के कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म का हवाला देते हुए नागेश्वरन ने कहा कि 'स्वदेशी' को एक 'पॉलिसी इंस्ट्रूमेंट' बनना चाहिए। खासकर तब, जब व्यापार 'अब आपसी नहीं रहे, बाजार अब न्यूट्रल नहीं रहे और सप्लाई चेन किसी देश की ताकत के हथियार बन गए हैं'। नागेश्वरन ने 'आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी-इंटेलिजेंट इंपोर्ट सब्स्टीट्यूशन और अधिक' पर आयोजित एक विशेष सत्र में 'आत्मनिर्भरता' के लिए तीन सिद्धांतों की रूपरेखा बताई। बड़े रेगुलेटरी सुधारों के माध्यम से 'स्वदेशी इकोसिस्टम' बनाना, वैश्विक दृष्टिकोण वाली नीति और विश्व बाजारों में निवेश के साथ काम करना और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि रास्ते में 'पुरानी रेगुलेटरी बोझ' और 'औपनिवेशिक काल की नौकरशाही' है जिसे 'उद्यमी मानसिकता' से बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास के बीच बढ़ते आयात को निर्यात से फाइनेंस करने की आवश्यकता होगी। चीन से दुनिया के लगभग आधे आयात सिर्फ 50 वैश्विक ब्रांडों और उनकी सप्लाई चेन से होते हैं और केंद्र और राज्यों को 'मेक इन इंडिया' लक्ष्यों के लिए इन्हें भारत में अपने इकोसिस्टम को स्थापित करने के लिए तुरंत काम करना चाहिए, जैसा कि स्मार्टफोन के मामले में किया गया है।

## महिला जगत

# कविता से क्रांति तक, हिंदी की लेखिकाओं का सफर

**हिंदी सिर्फ एक भाषा नही, एक सांस्कृतिक चेतना है। इस चेतना को गढ़ने में जिन हाथों की स्याही सबसे गहरी रही, उनमें महिला लेखिकाओं का योगदान अक्सर कम आंका गया। विश्व हिंदी दिवस 2026 के मौके पर यह जरूरी है कि हम उन महिलाओं को याद करें, जिन्होंने हिंदी साहित्य को घर-आंगन से उठाकर वैश्विक मंच तक पहुंचाया। इन लेखिकाओं ने कभी कविता के जरिए, कभी कहानी में स्त्री का सच उकेरकर, तो कभी उपन्यासों में समाज से सीधा सवाल पूछकर हिंदी साहित्य पर अपनी अमिट छाप डाली। विश्व हिंदी दिवस पर भारत की इन महिलाओं के बारे में विस्तार से जानते हैं जो अपने कुशल हिंदी लेखन के माध्यम से युग निर्माता बन गई।**



### ● महादेवी वर्मा

महादेवी वर्मा हिंदी साहित्य की वह स्तंभ हैं, जिनके बिना छायावाद अधूरा है। उन्होंने स्त्री की पीड़ा को करुणा नहीं, चेतना बनाया। महादेवी वर्मा ने नीहार, रश्मि और यामा जैसी रचना से हिंदी साहित्य को समृद्धि बनाया। उन्हें पद्म भूषण और ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। महादेवी वर्मा ने अपने कुशल लेखन से हिंदी कविता को आत्मा दी। महादेवी जी ने स्त्री को दया की पात्र नहीं, संवेदनशील और स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित किया।

### ● सुभद्रा कुमारी चौहान

साहित्य में राष्ट्रवाद की मशाल सुभद्रा कुमारी चौहान ने जलाई थी। उन्हें खूब लड़ी मर्दानी जैसी कविता लिखी। हालांकि ये सिर्फ एक कविता नहीं है, भारत की आत्मा है। सुभद्रा कुमारी चौहान ने हिंदी साहित्य को देशभक्ति और स्त्री-शौर्य से जोड़ा। उनकी रचनाओं में झांसी की रानी और वीरों का कैसा हो वसंत शामिल है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई और सरल भाषा में गहरा संदेश दिया। उन्होंने साबित किया कि हिंदी साहित्य सिर्फ भावुक नहीं, क्रांतिकारी भी हो सकता है।

### ● मन्नू भंडारी

मन्नू भंडारी ने हिंदी कथा साहित्य में वह लिखा, जिसे समाज बोलने से डरता था। वह स्त्री के अंतर्मन की सच्ची कथाकार थीं। उनके प्रमुख कृतियों में आपका बंटी और महाभोज का नाम शामिल है। उन्होंने विवाह, मातृत्व, अकेलेपन और स्त्री की पहचान को बिना सजावट के पेश किया। उनकी लेखनी ने बताया स्त्री का संघर्ष निजी नहीं, सामाजिक है।

### ● महाश्वेता देवी

महाश्वेता देवी का साहित्य व्यवस्था से टकराया। हालांकि उन्होंने बांग्ला में भी लिखा, लेकिन हिंदी अनुवादों ने उन्हें जन-जन तक पहुंचाया। अपने लेखन के जरिए वह आदिवासी और हाशिए के समाज की आवाज बनीं। उन्होंने साहित्य को एक्टिविज़्म बनाया और सत्ता के खिलाफ निर्भीक लेखन किया। महाश्वेता देवी ने दिखाया कि साहित्य का काम सिर्फ सुंदर होना नहीं, सच बोलना भी है।

### ● कृष्णा सोबती

कृष्णा सोबती ने हिंदी को उसकी परंपरागत मर्यादा से बाहर निकाला और भाषा की स्वतंत्रता की प्रतीक बनीं। उनकी प्रमुख कृतियां हैं, मित्रो मरजानी और जिंदगीनामा। उन्होंने स्त्री की देह, इच्छा और स्वाभिमान को बिना झिझक शब्द दिए। उनकी लेखनी ने समाज को असहज किया और यही साहित्य का असली काम है।

### ● चित्रा मुद्गल

चित्रा मुद्गल स्त्री और श्रमिक वर्ग की आवाज बनीं। चित्रा मुद्गल ने हिंदी साहित्य में कामकाजी स्त्री और मजदूर वर्ग की सच्ची तस्वीर रखी। उन्होंने आवां और पोस्ट बॉक्स नंबर 203 जैसी कृतियों से लेखन को आंदोलन बना दिया।

Haryana

# मां के सामने बेटे की बेरहमी से हत्या: 35 मिनट तक तड़पता रहा बेटा...बदमाश करते रहे मनमानी, दशहत में जमी रही मां

**सोनीपत, (एजेंसी)** मल्हा माजरा गांव में बुधवार की रात कड़ाके की ठंड में करीब 35 मिनट तक डर और बेबसी का मंजर बना रहा। लूट के लिए घर में घुसे बदमाशों ने सुनीता के सामने उसके 26 वर्षीय बेटे साहिल के सीने में चाकू उतार दिया। खून से लथपथ बेटा तड़पता रहा और डरी-सहमी मां बर्फ सी जमी रही।

कादियान ने डीसीपी क्राइम नरेंद्र बताया है कि बदमाश देर रात करीब एक बजे घर में पिछले हिस्से की दीवार के सहारे चढ़कर अंदर घुसे। इस वजह से घर के सामने लगे सीसीटीवी में उनकी तस्वीरें नहीं आईं। आशंका है कि घटना से पहले रेकी की गई होगी।



दरवाजे पर दस्तक सुनकर सुनीता सबसे पहले अपने कमरे से बाहर निकलीं। उनके सामने बदमाश दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए। एक बदमाश ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। तीन बिना चेहरा ढके थे।

मां के सामने ही साहिल के सीने में बदमाशों ने चाकू घोंपा। चाकू लगते ही बेटा साहिल फर्श पर गिर गया। फिर बदमाशों ने सुनीता को कमरे में बंद कर दिया। करीब 35 मिनट तक बदमाश घर के कमरों में घुसकर कीमती सामान लूटते रहे।

बदमाश सुनीता को बार-बार धमकाते रहे। जब सब्र का बांध टूटा तो सुनीता चिल्लाने लगीं। पकड़े जाने के डर से बदमाश उनके कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर जाली का गेट बंद कर भाग गए।

New Delhi

# 'गर्भपात के लिए पति की सहमति अनिवार्य नहीं...'

## वैवाहिक कलह के एक मामले में हाईकोर्ट की टिप्पणी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसले में कहा कि यदि कोई महिला गर्भधारण जारी नहीं रखना चाहती तो उसे मजबूर करना उसकी शारीरिक अखंडता (बॉडिली इंटेग्रिटी) का उल्लंघन है और इससे उसका मानसिक आघात बढ़ता है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने वैवाहिक कलह के मामले में 14 सप्ताह के भ्रूण का चिकित्सीय गर्भपात कराने वाली अलग रह रही पत्नी को भारतीय दंड संहिता की धारा 312 (गर्भपात कराना) के तहत दर्ज आपराधिक मामले से मुक्त कर दिया।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) एक्ट में गर्भपात के लिए पति की सहमति अनिवार्य नहीं है। कानून का मुख्य उद्देश्य महिला के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर चोट पहुंचने से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक कलह की स्थिति में महिला को गर्भपात का अधिकार मान्य है, क्योंकि यह उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

Paschim bangal

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को मिली जान से मारने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई; पुलिस हाई अलर्ट पर

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को जान से मारने की धमकी मिली है। राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात को एक ईमेल के जरिए राज्यपाल को जान से मारने की धमकी मिली, जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। राजभवन के अधिकारी ने बताया कि 'आरोपी ने ईमेल में अपना मोबाइल नंबर भी दिया है। हमने डीजीपी को सूचित कर दिया है और उनसे उस व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार करने को कहा है।' मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी इस बारे में सूचित कर दिया गया है। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी जानकारी दी गई है। धमकी मिलने के बाद राज्यपाल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राज्यपाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर काम कर रहे हैं। बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है और उनकी सुरक्षा के लिए करीब 60-70 केंद्रीय सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है।

Telangana

# इंसानी ब्लड बैग में मिला हजार लीटर बकरी का खून, रेड में खुलासे से हड़कंप; कहां का मामला?

**हैदराबाद, (एजेंसी)** तेलंगाना के हैदराबाद से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां काचीगुडा इलाके में एक इंपोर्ट-एक्सपोर्ट फर्म पर रेड के दौरान कुछ ऐसा मिला है, जिसे देख अधिकारी हैरान हैं। जानकारी के मुताबिक यहां ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन (DCA) की रेड में अधिकारियों को लगभग 1,000 लीटर जानवरों का खून मिला है। यह खून बकरियों और भेड़ों से गैर-कानूनी तरीके से इकट्ठा किया गया था और इंसानों का खून रखने के लिए बने ब्लड बैग में पैक किया गया था।

Wion न्यूज की एक रिपोर्ट के मुताबिक सेंट्रल ड्रग कंट्रोल अधिकारियों ने हैदराबाद पुलिस और राज्य के ड्रग कंट्रोल अधिकारियों के साथ मिलकर गुप्त सूचना के आधार पर यह रेड की थी। इस दौरान उन्होंने इंसानों के इस्तेमाल के लिए बने



ब्लड बैग में जानवरों का खून भरा हुआ देख सीनियर अधिकारी भी हैरान रह गए।

बकरी के खून के अलावा परिसर में खून की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली कुछ अत्याधुनिक मशीनें भी मिली हैं। रेड टीम को एक ऑटोक्लेव मशीन, एक लैमिनार एयर फ्लो यूनिट, 110 भरे हुए ब्लड बैग और लगभग 60 खाली ब्लड बैग भी मिले।

खेल

# 6,4,6,4,6,4: टीम इंडिया में नहीं चुने गए सरफराज ने दिखाया दम, अभिषेक के ओवर में 30 रन बटोरे

**जयपुर, (एजेंसी) विजय हजारे ट्रॉफी के राउंड-सात में पंजाब के खिलाफ खेले गए मुकाबले में सरफराज खान ने अभिषेक शर्मा के एक ही ओवर में 30 रन बटोरे, लेकिन इसके बावजूद मुंबई को एक रन से हार झेलनी पड़ी। वहीं, भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव घरेलू टूर्नामेंट में भी फ्लॉप साबित हुए। शिवम दुबे का भी बल्ला नहीं चला।**



विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म में चल रहे सरफराज को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम चयन में अनदेखा किया गया था। हालांकि, उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को करारा जवाब दिया। सरफराज ने पंजाब के कप्तान अभिषेक के एक ओवर में 6,4,6,4,6,4 लगाकर बाउंड्रीज की बरसात कर दी और 30 रन बटोरे।

सरफराज ने साथ ही 15 गेंद में अर्धशतक भी जड़ा और 20 गेंद में सात चौके और पांच छक्के की मदद से 62 रन बनाकर आउट हुए। सरफराज के नाम विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया। मुंबई के इस बल्लेबाज ने बड़ौदा के अतित शेठ का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 2020-21 में छत्तीसगढ़ के खिलाफ 16 गेंदों में अर्धशतक बनाया था।

सरफराज ने तूफानी बल्लेबाजी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन आखिरी पलों में मैच हाथ से निकल गया। सरफराज के अलावा मुंबई कप्तान श्रेयस अय्यर ने 34 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रन की पारी खेली। वहीं, जीत दिलाने की जिम्मेदारी पांचवें नंबर पर उतरे सूर्यकुमार यादव और छठे नंबर पर उतरे शिवम दुबे पर थी, लेकिन दोनों फेल रहे। सूर्यकुमार 15 रन और दुबे 12 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के 217 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक वक्त मुंबई का स्कोर चार विकेट पर 191 रन था। इसके बाद टीम 26.2 ओवर में 215 रन पर सिमट गई। टीम ने 25 रन बनाने में आखिरी छह विकेट गंवा दिए।

मुंबई के खिलाफ मैच जीतकर पंजाब ने ग्रुप-सी पॉइंट्स टेबल में टॉप पर अपना स्थान पक्का किया। पंजाब के गेंदबाजों ने भी कमाल किया। गुरनूर बराड़ और मयंक मारकंडे ने चार-चार विकेट लिए, जबकि कृष भगत और हरनूर सिंह ने एक-एक विकेट झटके। दमदार गेंदबाजी की बदौलत पंजाब ने मुंबई को रोककर मैच अपने नाम किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि पंजाब और मुंबई दोनों ने क्वार्टर-फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

सरफराज के अलावा मुंबई कप्तान श्रेयस अय्यर ने 34 गेंद में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 45 रन की पारी खेली। वहीं, जीत दिलाने की जिम्मेदारी पांचवें नंबर पर उतरे सूर्यकुमार यादव और छठे नंबर पर उतरे शिवम दुबे पर थी, लेकिन दोनों फेल रहे।

सिनेमा

# 'टॉक्सिक' में यश के काम पर डायरेक्टर को है गर्व, बताई कन्नड़ स्टार की ये खास खूबी



'केजीएफ' वाले यश 8 जनवरी के दिन 40 साल के हुए. इस दिन एक्टर की अगली फिल्म 'टॉक्सिक' का टीजर सामने आया, जिसमें उनके किरदार 'राया' को इंट्रोड्यूस कराया गया. साथ ही फिल्म का मूड भी सेटअप किया गया, जो काफी अनोखा और दमदार था. अब यश को इस तरह प्रेजेंट करने वाली डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने कन्नड़ स्टार को जन्मदिन पर विश किया है. गीतू मोहनदास, जो एक नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर हैं, उन्होंने गुरुवार की शाम अपनी फिल्म 'टॉक्सिक' के हीरो यश को बर्थडे पर एक प्यारा सा मैसेज डेडीकेट किया. डायरेक्टर ने एक लंबे पोस्ट में लिखा, 'कभी-कभी टैलेंट और सुपरस्टार वाली शोहरत का ऐसा कमाल का मेल होता है, जो बहुत ताकतवर बन जाता है. मुझे यश पर बहुत-बहुत गर्व है. ना सिर्फ 'राया' के रोल के लिए, जो दुनिया अभी देखने वाली है, बल्कि उस अनुशासन और दिल के लिए जो वो हर रोज हमारे सेट पर लाए.' 'ये सिर्फ एक किरदार नहीं था जिसे उन्होंने निभाया, ये उनकी अपनी कलाकारी की एक खास कहानी बन गई. वो हर बार सवाल करते थे, चुनौती देते थे, गहराई में जाते थे और पूरी तरह कहानी के सामने सरेंडर कर देते थे. सच्चाई और कला जब मिलते हैं, तो बस यही होता है.

## Highlights

1. **Mamata Banerjee targets Amit Shah over ED raids on I-PAC, calls him 'Naughty Home Minister'**
2. **Documents were stolen during ED raid: I-PAC chief Pratik's wife**
3. **Mumbai's ₹10 lakh rent luxury flat becomes internet punchline**
4. **Indian Army picks L&T to modernise Pinaka rocket launcher systems**
5. **K'taka man tries to burn brother's house, caught in fire himself**
6. **21 booked in ₹2,000-cr mid-day meal scam during COVID in Rajasthan**

# ED attaches ₹400-cr assets in probe against Jaypee Group

**NEW DELHI, (Agency).** The Enforcement Directorate (ED) said on Wednesday that it has attached assets worth ₹400 crore as part of its money laundering probe against the Jaypee Group.

The immovable assets attached under the Prevention of Money Laundering Act (PMLA) belong to Jaiprakash Sewa Sanstha and Page 3 Buildtech Private Limited.




"The attachment forms part of an ongoing money laundering investigation involving Jaypee Infratech Ltd (JIL), Jayprakash Associates Ltd (JAL), and associated entities, in relation to large-scale fraud and misappropriation of funds collected from homebuyers for Jaypee Wishtown and Jaypee Greens project," the agency said in a statement. ED had launched a probe against the Jaypee group on the basis of multiple first information reports (FIRs) registered by the Economic Offences Wings (EOWs) of Delhi and Uttar Pradesh Police, based on complaints filed by homebuyers of Jaypee Wishtown and Jaypee Greens projects, alleging criminal conspiracy, cheating, and criminal breach of trust against the JIL, JAL and their promoters including Manoj Gaur. It has been alleged that the funds collected from thousands of homebuyers for construction and completion of residential projects were diverted for purposes other than construction, leaving the homebuyers defrauded and their projects incomplete. "ED investigation revealed that out of approximately ₹14,599 crore collected by JAL and JIL from more than 25000 homebuyers (as per claims admitted by National Company Law Tribunal), substantial amounts were diverted for non-construction purposes and siphoned off to related group entities including Jaypee Sewa Sansthan (JSS), Jaypee Healthcare Ltd (JHL), and Jaypee Sports International Ltd. (JSIL)," the statement said. "It has also been revealed during the investigation that Manoj Gaur is the managing trustee of Jaypee Sewa Sansthan (JSS), which received part of the diverted funds. Further, investigation has also established diversion of assets of JIL and JAL by Manoj Gaur to other entities including Page 3 Buildtech Private Limited, which is controlled and beneficially owned by Honeyy Katiyal," it added.

# Bangladesh considers tariffs on Indian cotton yarn imports

**NEW DELHI, (Agency).** Bangladesh is mulling tariffs on Indian cotton yarn imports, with the Bangladesh Trade and Tariff Commission discussing this on January 5, Indian yarn industry executives said on Wednesday, citing Bangladeshi trade reports, against the backdrop of deteriorating bilateral relations.

Levies by Bangladesh, the world's largest importer of raw cotton, on yarn imports from India, its largest supplier, could weaken domestic prices, hitting mills and farmers here, analysts said. Imposition of customs duty



by Bangladesh, which could be in the "range of 10-20%", could halt a recovery in domestic cotton prices, which fell steeply in 2025 due to duty-free imports by India between August 10 and December 31 2025, said Rahul Chouhan, an analyst with iGrain, a New Delhi-based commodity trading firm. India has been sheltering former Bangladesh PM Sheikh Hasina since she fled Dhaka in mid 2024 following student-led protests, and a harsh crackdown by security forces that killed hundreds but only served to intensify the agitation against her. She has been sentenced to death, in her absence, by a Bangladesh tribunal. Meanwhile Dhaka has grown closer to both Beijing and Islamabad, several of its leaders, including its interim head of government Mohammed Yunus, have made intemperate comments about India, and New Delhi has condemned a string of recent murders of Hindus in Bangladesh, while the interim government of the neighbouring country continues to press for an extradition of its toppled leader, to which India has remained non-committal.

### महिला प्रोफेसर ने पति पर लगाए मारपीट-प्रताड़ना के आरोप

# बोलीं-पति के दूसरी महिला से संबंध...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला प्रोफेसर ने अपने पति के खिलाफ मारपीट, मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि पति का एक अन्य महिला से प्रेम संबंध है और उसी के चलते वह उसे लगातार प्रताड़ित कर रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।**



कनाड़िया पुलिस के अनुसार निजी कॉलेज की प्रोफेसर आरती शर्मा निवासी आलोक नगर की शिकायत पर उनके पति नवदीप पुत्र अखिलेश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2016 से पति काम नहीं कर रहे थे और घर का पूरा खर्च वही उठा रही थीं। इसके बावजूद पति उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आरती के मुताबिक वर्ष 2020 के बाद प्रताड़ना और बढ़ गई। साल 2025 में उन्हें पता चला कि पति के निवेदिता नाम की एक अन्य महिला से प्रेम संबंध हैं। आरोप है कि पति उस महिला का खर्च भी पत्नी से ही दिलवाने के लिए दबाव बनाता था। नवदीप ने पत्नी के नाम पर करीब 7 लाख रुपए का लोन लेकर कार खरीदी, लेकिन कार की किश्तें खुद नहीं भरीं और लोन की किश्तें चुकाने के लिए भी पत्नी पर दबाव बनाया। पीड़िता ने बताया कि जब उन्होंने इन बातों का विरोध किया तो पति ने उनके साथ मारपीट की, उन्हें घर से निकाल दिया और मायके से मिले जेवर भी अपने पास रख लिए। इसके बाद पीड़िता ने कनाड़िया थाने में शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार आरती और नवदीप की शादी को करीब 10 साल हो चुके हैं। दोनों एक ही कॉलेज में प्रोफेसर थे। इसी कॉलेज में निवेदिता भी प्रोफेसर थी, जहां नवदीप की उससे दोस्ती हुई और बाद में बातचीत काफी बढ़ गई। कुछ समय बाद नवदीप ने कॉलेज जाना भी बंद कर दिया।

# चाइनीस मांझे के साथ दो भाई पकड़ाए

### इंदौर से धार ले जा रहे थे, कार भी जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। धार रोड पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कार से चाइनीज मांझा बरामद किया है। गुरुवार को चंदन नगर चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार को रोका, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया। कार की तलाशी लेने पर अंदर से दो बोरियों में भरा करीब 46 नग चाइनीज मांझा मिला।**

पुलिस ने मौके से करण पुत्र देवीलाल मेहता और उसके भाई अभिषेक मेहता, निवासी धार कोतवाली को पकड़ लिया है। दोनों सगे भाई बताए जा रहे हैं। एडीशनल डीसीपी दीपेश अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि वे यह चाइनीज मांझा कहां से लेकर आए थे और किसे सप्लाई करने जा रहे थे। साथ ही फरार ड्राइवर की तलाश भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी चंदन नगर पुलिस द्वारा चाइनीज मांझे को लेकर बड़ी कार्रवाई की जा चुकी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक